राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 11 जून। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग विपक्ष के नेताओं के दमन हेतु किया जा रहा है, लोकतांत्रिक मूल्यों पर हो रहे प्रहार तथा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गॉंधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गॉंधी को ईडी द्वारा दिये गये नोटिस के विरूद्ध राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में दिनांक 13 जून 2022 को प्रात: 10:00 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर से अम्बेडकर सर्किल स्थित ईडी कार्यालय तक विशाल पैदल मार्च निकालकर ईडी कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। पैदल मार्च एवं विरोध प्रदर्शन में राज्य के मुख्यमंत्री राजस्थान श्री अशोक गहलोत, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, सांसदगण, सांसद प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, निगम/बोर्ड के अध्यक्षगण व उपाध्यक्षगण, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे।

केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा विपक्ष के नेताओं का दमन करने हेतु सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की नीतियों का विरोध करने पर विपक्ष के नेताओं को केन्द्र सरकार के इशारे पर ईडी, सीबीआई जैसी संवैधानिक संस्थाओं द्वारा नोटिस दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी को ईडी द्वारा नोटिस दिया जाना केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग तथा केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों का परिचायक है, जिसके विरोध में दिनांक 13 जून 2022 को प्रात: 10:00 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर से अम्बेडकर सर्किल स्थित ईडी कार्यालय तक विशाल पैदल मार्च निकालकर ईडी कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा।

भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा विपक्षी दल के नेताओं के दमन हेतु संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग करने, कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी को ईडी का नोटिस दिए जाने के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आह्वान पर राजस्थान प्रदेश के राजधानी दिल्ली की सीमा से लगते हुए जिलों के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता दिनांक 13 जून, 2022 को शाहजहांपुर बॉर्डर पर भी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter